तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंताग़ढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]





10 मौसम की बेरुखी से मुरझाने लगी खरीफ की...



10 खाद-बीज की कमी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन...



Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध



B.M. COLLEGE

BCA BBA PGDCA B.Ed.

आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923


### किसानों व विद्यार्थियों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

# अघोषित बिजली कटौती पर गुस्साए लोगों ने किया सब-स्टेशन का घेराव

*चारामा क्षेत्र में लगातार अघोषित बिजली कटौती और तकनीकी खराबियों से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार रात सब-स्टेशन का घेराव कर विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। बिजली दो... बिजली दो के नारों के बीच चारामा विद्युत सब-स्टेशन पर सैकड़ों ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। घंटों तक विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार, अघोषित कटौती की जानकारी देने की माँग किया। माहौल को बिगड़ते देख पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराते हुए नजर आए।*

**चारामा क्षेत्र के कई गांवों में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

खास खबर

जानकारी के अनुसार शुक्रवार 10 जुलाई की रात करीब 9 बजे ट्रांसफार्मर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कई घंटे तब बिजली के बाधित होने परदरगहन, सिरसिदा, गिरहोला, बारगरी, नयापारा, चारभाटा, जैसाकर्रा सहित आसपास के गांवों के करीब 150 से 200 ग्रामीण रात लगभग 10 बजे विद्युत विभाग के सब-स्टेशन पहुंचकर जमकर नारेबाजी किया, वहीं सब-स्टेशन में केवल कुछ संविदा कर्मचारी मौजूद थे।

ग्रामीणों के पहुँचने की जानकारी मिलने पर कनिष्ठ यंत्री भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को तकनीकी खराबी के कारण बिजली बाधित होने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग लगातार अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो रहे है। कई बार 12 से 15 घंटे तक बिजली नहीं रहती, जिससे किसानों की सिंचाई बुरी तरह प्रभावित होती है। खेतों में लगे बोरवेल और मोटर पंप बंद रहने से फसलें प्रभावित हो रही हैं।

विद्यार्थियों की पढ़ाई, छोटे व्यवसाय, घरेलू कार्य और पेयजल व्यवस्था भी बाधित हो रही है। ग्रामीणों का कहना था कि शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था पूरी तरह उपेक्षित है और शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आए दिन बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काट दी जाती है।



**अब नहीं चलेगी अघोषित कटौती, ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी आंदोलन की चेतावनी**

#### शिकायत नंबर नहीं होता रिसीव

*ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की शिकायत निवारण व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि विभाग द्वारा जारी शिकायत नंबर पर बार-बार कॉल करने के बावजूद अधिकांश समय फोन रिसीव नहीं किया जाता। इससे उपभोक्ताओं को यह तक जानकारी नहीं मिल पाती कि फॉल्ट कहां आया है और बिजली कब तक बहाल होगी। ग्रामीणों का कहना था कि यदि विभाग समय पर जानकारी उपलब्ध कराए तो लोगों की परेशानियां और नाराजगी काफी हद तक कम हो सकती हैं।*

#### तकनीकी स्टाफ को बढ़ाने की माँग

*स्थानीय लोगों ने कर्मचारियों की कमी, ठेका व्यवस्था और नियमित रखरखाव के अभाव को भी बिजली संकट का बड़ा कारण बताया। उनका कहना है कि छोटी-छोटी तकनीकी खराबियां भी घंटों तक ठीक नहीं हो पातीं, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने मांग की कि विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त तकनीकी स्टाफ की नियुक्ति करे और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करे।*

#### बिजली तंत्र पर पड़ रहा अतिरिक्त भार

*विद्युत विभाग का कहना है कि इस वर्ष बारिश में देरी होने के कारण सिंचाई के लिए बोरवेल और विद्युत पंपों का उपयोग सामान्य से अधिक हो रहा है। इससे बिजली तंत्र पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है, जिसके चलते ट्रांसफार्मर और लाइन में तकनीकी फॉल्ट की घटनाएं बढ़ी हैं। विभाग ने आश्वासन दिया कि खराबी दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।*

## कार की चपेट में आने से चार छात्राएं घायल, मामला कायम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर आईटीआई कॉलेज के पास स्थित ढाबा के समीप स्कूल से पैदल घर लौट रही चार छात्राओं को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर घायल करा दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल छात्राओं को तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। शिकायत पर आरोपी कार चालक पर मामला भी दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार बाबूकोहका निवासी 35 वर्षीय बलराम कुंजाम पिता कुवर सिंह कुंजाम ने घटना की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि ग्राम बाबूकोहका निवासी 16 वर्षीय करूणा कुंजाम, खुशबू यादव, नीलिमा कुंजाम और भारती कुंजाम शनिवार को स्कूल गई थीं। स्कूल की छुट्टी होने के बाद करीब पौने एक बजे चारों छात्राएं पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही मारुति बलेनो कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 4105 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए छात्राओं को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में करूणा कुंजाम के सिर और पैर में, नीलिमा कुंजाम की कमर में, खुशबू यादव के सिर एवं दाहिने पैर में तथा भारती कुंजाम के सिर और हाथ में चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बिना देर किए चारामा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। घायल छात्राओं के परिजनों ने आरोप लगाया कि कार चालक की तेज एवं लापरवाही पूर्ण ड्राइविंग के कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर चारामा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 4105 के चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## खबर संक्षेप



### शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**कांकेर।** नए शैक्षणिक सत्र 2026 के शुभारंभ पर शुक्रवार को कमला नेहरू पब्लिक हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्ष कमला गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही अभिभावकों एवं बच्चों के लिए रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### तरहुल की 17 छात्राओं को मिली सायकिलें



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल तरहुल में शनिवार को सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी की 17 छात्राओं को निःशुल्क सायकिलों का वितरण किया गया। सायकिल मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया। सरपंच फूलमत पिद्दा ने कहा कि यह योजना बेटियों की शिक्षा को नई गति दे रही है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष यशवंत तिवारी ने छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य चतुर सिंह भेड़िया ने योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### पेड़ पर फंदे से लटकी मिली युवती, जांच शुरू

**कांकेर।** रावघाट थाना क्षेत्र के स्कूलपारा रावघाट में 20 वर्षीय सरिता पोटाई ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार युवती का शव गांव के पास वर्चे के खेत की ओर स्थित एक महुआ पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### अन्य पिछड़ा वर्ग की आज होगी बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग का मासिक बैठक आज 12 जुलाई को 12 बजे यादव भवन मेला भाटा कांकेर में रखा गया है, जिसमें सभी समाज के प्रमुखों को आमंत्रण किया गया है। बैठक संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ के अध्यक्षता में होना है, जिसमें अनेक प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## आवारा पशुओं को लेकर नपं की कार्यप्रणाली पर सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या अब आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। मुख्य मार्गों, बाजार, मोहल्लों तथा खेत-खलिहानों में खुलेआम घूम रहे मवेशियों के कारण राहगीरों, व्यापारियों, किसानों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि नगर की व्यस्त सड़कों पर दिनभर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत और संबंधित विभाग को इस समस्या की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं किसानों का आरोप है कि खुले घूम रहे मवेशी हर वर्ष उनकी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो पशु मालिकों पर कार्रवाई होती है और न ही आवारा पशुओं को पकड़ने की कोई प्रभावी व्यवस्था की जाती है। इस संबंध में नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष राकेश गुप्ता ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पशु मालिक अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं, जिससे वे सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत और मांग किए जाने के बावजूद नगर पंचायत ने समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की है।

राकेश गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, पशु मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा नगर क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### शिक्षकों का प्रांतीय आंदोलन 15 को

*दुर्गुकोंदल। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में 15 जुलाई को आयोजित होने वाले एक दिवसीय प्रांत स्तरीय आंदोलन को लेकर कांकेर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को आंदोलन में शामिल होने की औपचारिक जानकारी देते हुए प्रशासन से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। संगठन का दावा है कि जिले के सभी विकासखंडों से सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक आंदोलन में भाग लेकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करेंगे।*

## तेज रफ्तार स्कूटी की ठोकर लगी, बुजुर्ग गंभीर घायल

*मुढ़पार दखनी कंक नाला के पास सड़क हादस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरोना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुढ़पार दखनी के पास कंक नाला स्थित मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में परिजनों की रिपोर्ट पर सरोना पुलिस ने स्कूटी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुढ़पार दखनी निवासी भगवान सिंह करंगा ने थाना सरोना में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उनके पिता सोनाराम करंगा 10 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे अपने खेत से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान कांकेर की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बी 8505 के चालक ने मुढ़पार कंक नाला के पास



मुख्य सड़क पर पीछे से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सोनाराम करंगा सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर तथा सीने में गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलने पर घायल के बड़े पुत्र कृष्ण कुमार करंगा मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोना ले जाकर भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर

▶▶| शेष पेज 10 पर

## चार जुआरी गिरफ्तार, पांच हजार और ताश गड्डी जब्त

*कोटलभट्टी में खेत मार्ग पर जुए की सजी थी महफिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

दुधावा पुलिस चौकी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम कोटलभट्टी में संचालित जुए के फड़ का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने खेत जाने वाले एकांत मार्ग पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, ताश की गड्डी और अन्य सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिलेभर में जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही थी। 10



जुलाई को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कोटलभट्टी के खेत जाने वाले एकांत मार्ग पर कुछ लोग रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से चारों ओर से घेराबंदी की और जुआ खेल रहे लोगों को रंगे हाथों पकड़ लिया। अचानक हुई कार्रवाई से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस ने किसी भी आरोपी को भागने का मौका नहीं

▶▶| शेष पेज 10 पर

## उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कांकेर थाना में ई-मालखाना का किया शुभारंभ

# ई-मालखाना का क्यूआर कोड से प्रत्येक प्रकरण और जब्त संपत्ति की निगरानी

*कांकेर पुलिस को एक बस एवं तीन स्कॉर्पियो वाहनों की मिली सौगात*

*पुलिस व्यवस्था को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में कांकेर पुलिस ने ऐतिहासिक पहल करते हुए ई-मालखाना प्रणाली की शुरुआत की है, जिसका शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। जब्त हुए वाहनों, मोबाइल फोन, नकदी, हथियार, आभूषण, एनडीपीएस सामग्री सहित सभी केस प्रॉपर्टी का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा तथा प्रत्येक वस्तु को यूनिक क्यूआर कोड और डिजिटल पहचान प्रदान की जाएगी।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शुभारंभ के उपरांत पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने प्रभारी मंत्री अरूण साव को बताया कि ई-मालखाना प्रणाली के तहत प्रत्येक जब्त वस्तु का केस नंबर, अपराध की धाराएं, वस्तु का विवरण, फोटो और स्टोरेज लोकेशन डिजिटल रूप से दर्ज की जाएगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही किसी भी अधिकृत मोबाइल डिवाइस पर संबंधित वस्तु की पूरी जानकारी तत्काल उपलब्ध हो जाएगी। वहीं चेन ऑफ कस्टडी व्यवस्था के माध्यम से यह भी दर्ज रहेगा कि संबंधित सामग्री कब, कहां और किस अधिकारी द्वारा जमा अथवा प्राप्त की गई। सभी जब्त वस्तुओं एवं दस्तावेजों को अलग-अलग सुरक्षित बॉक्स में रखकर उन पर क्यूआर कोड अंकित किए गए हैं। इस प्रणाली से रिकॉर्ड गुम होने या त्रुटि की संभावना में कमी आएगी, जबकि न्यायालय और वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी पहले से कहीं अधिक तेज और प्रभावी होगी। डिजिटल ट्रैकिंग के माध्यम से जब्त संपत्तियों की सतत निगरानी संभव होगी तथा न्यायालय के

▶▶| शेष पेज 10 पर

**प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला**



*ई-मालखाना प्रणाली के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने ई-मालखाना प्रणाली के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने पुलिस टीम की तकनीक आधारित पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस नवाचार से पुलिस कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनेगी। सम्मानित पुलिसकर्मियों ने इसे अपने कार्य के प्रति नई प्रेरणा बताया।*

## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। योजना के लिए पात्र विद्यार्थी 12 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश देकर कक्षा 12वीं तक निःशुल्क अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को मिलेगा, जिनका श्रमिक पंजीयन कम से कम एक वर्ष पुराना हो। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 10 से 12 वर्ष के बीच होना तथा पूर्व सत्र में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में नियमित अध्ययनरत होना आवश्यक है। आवेदन के साथ एक वर्ष पुराना निर्माण श्रमिक पंजीयन कार्ड, श्रमिक का निवास प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, कक्षा 5वीं की अंकसूची तथा वर्तमान कक्षा का अध्ययन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय, श्रम संसाधन केंद्र जनपद पंचायत, नजदीकी लोक सेवा केंद्र या चॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति का नवीनीकरण शुरू, नए आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव। शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नवीनीकरण आवेदन जारी हैं, जबकि नवीन आवेदन 1 अगस्त 2026 से शुरू होंगे। शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई और पॉलिटेक्निक सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अनुसार नवीनीकरण आवेदन 20 जून से प्रारंभ हैं तथा नए आवेदन 1 अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। सभी आवेदनों का परीक्षण एवं स्वी—ति समय–सीमा में पूरी कर जनवरी 2027 तक छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यार्थियों को राज्य के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान आवश्यक दस्तावेज एवं बैंक खाते की सही जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा। छात्रवृत्ति के लिए जाति प्रमाण–पत्र, मूल निवास प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, पिछले वर्ष की अंकसूची तथा आधार से जुड़े सक्रिय बैंक खाते की जानकारी आवश्यक होगी। भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के आधार–सीडेड बैंक खाते में किया जाएगा। वर्ष 2026–27 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी विद्यार्थियों के लिए एनएसपी पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना भी अनिवार्य किया गया है।

### पीएचसी सोनाबाल प्रकरण पर कार्रवाई की अनुशंसा

**कोण्डागांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनाबाल में प्रसव संबंधी घटना के मामले में प्राप्त प्रतिवेदन एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 26 जून 2026 को हुई घटना के बाद संस्था प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में 24ग्7 आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में अपेक्षित सतर्कता नहीं बरती गई। साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने में भी कमी पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि एक कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगाकर चले जाना कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही है, जिसे अनुशासनहीनता माना गया है।

# मौसम की बेरुखी से मुरझाने लगीं खरीफ की उम्मीदें, किसानों की बढ़ी चिंता

*मानसून की शुरुआती दस्तक के बाद अच्छी बारिश की उम्मीद में खरीफ सीजन की बुवाई कर चुके किसानों के सामने अब बड़ा संकट खड़ा हो गया है। शुरुआती बारिश के बाद अधिकांश किसानों ने धान, बाजरा, मूंग, मोठ और ग्वार जैसी खरीफ फसलों की बुवाई पूरी कर ली थी, लेकिन इसके बाद बारिश थम जाने से खेतों की नमी तेजी से खत्म होने लगी है। नतीजतन अंकुरित फसलें सूखने लगी हैं और किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका बढ़ गई है। मौसम की बेरुखी ने किसानों की चिंता दिन-प्रतिदिन बढ़ा दी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

अलग खबर

दुर्गूकोंदल क्षेत्र के किसान परदेशी राम मंडावी, रेखलाल विश्वकर्मा, धर्म मंडावी सहित अन्य किसानों ने बताया कि पहली बारिश के बाद उन्होंने खेतों की तैयारी कर बीज, खाद और मजदूरी पर अच्छी-खासी राशि खर्च कर बुवाई की थी।

उन्हें उम्मीद थी कि मानसून लगातार सक्रिय रहेगा, लेकिन वर्षा रुकने से फसलों का विकास प्रभावित हो रहा है। खेतों में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण अंकुरित पौधे मुरझाने लगे हैं। किसानों का कहना है कि यदि अगले चार से पांच दिनों के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो उन्हें दोबारा बुवाई करनी पड़ेगी।

इससे बीज, खाद, डीजल, मजदूरी और अन्य कृषि कार्यों पर अतिरिक्त खर्च आएगा, जिससे खेती की लागत लगभग दोगुनी हो जाएगी। इसका सबसे अधिक असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ेगा, जिनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। किसानों ने बताया कि खाद और कृषि सामग्री की बढ़ती कीमतों के बीच दोबारा बुवाई करना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा।



पहली बारिश के भरोसे हुई बोआई पर संकट...
चार-पांच दिन में बारिश नहीं हुई तो किसानों को करनी पड़ेगी दोबारा बोआई

### सहायता उपलब्ध कराने की माँग

*किसानों ने शासन और कृषि विभाग से मांग की है कि यदि जल्द वर्षा की स्थिति में सुधार नहीं होता है तो प्रभावित किसानों को आवश्यक राहत और सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही कृषि विशेषज्ञों के माध्यम से समय-समय पर उचित मार्गदर्शन दिया जाए, ताकि खरीफ फसलों को होने वाले संभावित नुकसान को कम किया जा सके।*

### दैनिक जीवन पर पड़ेगा असर

*जुलाई माह में सामान्य से कम वर्षा का असर पूरे क्षेत्र में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। अधिकांश नदी-नाले अब तक नहीं बहे हैं और जल स्रोतों में भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाया है। सिंचाई के साधनों पर दबाव बढ़ने से खेती के साथ-साथ ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर भी असर पड़ने लगा है। बारिश की कमी से खेतों में सूखे जैसी स्थिति बनने लगी है, जिससे किसान भविष्य को लेकर चिंतित हैं।*

## सियासत : कार्यकर्ताओं को और सक्रिय करने पर दिया जोर

# जिला कांग्रेस की बैठक में संगठन सृजन संगठनात्मक कार्यों पर तय की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के सम्माननीय सदस्यों से उनके द्वारा किए गए संगठनात्मक कार्यों एवं क्षेत्रीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक के दौरान संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के विषय में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। इस दौरान राहुल गांधी द्वारा नीट पेपर लीक मामले को लेकर कोटा में आयोजित कार्यक्रम से संबंधित वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों, ब्लॉक अध्यक्षगण तथा विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रभारीगण को दिखाया गया। वीडियो



प्रदर्शन के पश्चात उपस्थित वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं पार्टी की आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव ने संगठन सृजन कार्यक्रम एवं संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली तथा आगामी कार्ययोजना के विषय में समझाया। उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की बात कही। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मांडवी ने संगठन की मजबूती को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन सृजन, पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी। उन्होंने संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका और जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप, प्रदेश संयुक्त महामंत्री विजय ठाकुर, सुभद्रा सलाम, रूप सिंह पोटाई पुरुषोत्तम पाटिल, रोमनाथ जैन, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, गफ्फार मेमन, मनोज जैन, ब्लॉक अध्यक्ष यासीन करानी, लोमेंद्र यादव, सुनील बबला पाढी, दीपक शोरी, अमन मांडवी, खोमेन्द्र उइके, अमन गायकवाड व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाद-बीज की कमी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा/बासनवाही

क्षेत्र में किसानों को खाद एवं बीज की कमी से हो रही परेशानियों को लेकर दुधावा मंडल कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लैंपस बासनवाही और लैंपस दुधावा पहुंचकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने नारेबाजी करते हुए समिति प्रबंधक को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

दुधावा मंडल कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण समिति परिसर पहुंचे। इस दौरान किसानों ने बताया कि खरीफ फसल की बुवाई का समय चल रहा है, लेकिन समितियों में यूरिया, डीएपी तथा धान बीज का पर्याप्त भंडारण नहीं होने से उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान सुबह से समिति के बाहर लाइन लगाने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं, जिससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत है। समितियों में पर्याप्त स्टॉक नहीं होने के कारण किसान खुले बाजार से अधिक कीमत पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। इससे खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और छोटे एवं सीमांत किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। मंडल अध्यक्ष भीखम शोरी ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, लेकिन आज वही किसान खाद और बीज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। समितियों में न पर्याप्त खाद है और न ही बीज उपलब्ध है। यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसानों की फसल प्रभावित होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रशासन से मांग की कि जिले की सभी सहकारी समितियों में तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी एवं अन्य आवश्यक उर्वरकों तथा बीज का भंडारण

# अच्छी संगत और पुस्तकें पढ़ने का प्रयास करें : वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एक स्पष्टवादी राजनीतिक विचारक, सुविख्यात शिक्षाविद् और भारत की अखंडता के प्रबल पैराकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान एवं छात्र समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में विचारधारा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपने राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण महान हुए। आज उनकी विचारधारा पर केंद्र और प्रदेश की सरकारें चहुंमुखी विकास के कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने एनईपी 2020 को रोजगार से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया है। नए कॉलेज खोलने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए जरूरी अधोसंरचना पर तेजी से काम किया जा रहा है। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छी संगत करें और अच्छी पुस्तकें पढ़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एमबीए भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सभागार का अतिथियों द्वारा लोकार्पण भी किया गया।

### सपनों को पूरा कर रही सरकार

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी न केवल एक मेधावी छात्र थे बल्कि शिक्षा के अग्रदूतों में अग्रणी थे। राजनीति, समाज, शिक्षा, संस्कृति, औद्योगिक विकास जैसे विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना में उनका अमूल्य योगदान था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश, एक विधान, एक निशान के ध्येय पर अपना जीवन न्योछावर कर दिया। जम्मू कश्मीर में जाने के लिए लगने वाले परमिट को बंद कराया था। डॉ. श्यामा प्रसाद ने जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था का सपना देखा था उस सपने को आज की केंद्र व प्रदेश सरकार पूरा कर रही हैं। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक युग प्रवर्तक नेता थे।*

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आधुनिक भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। उन्होंने आसान जीवन छोड़कर संघर्ष को चुना। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में उनके विचार आज देशवासियों को प्रेरणा दे रही है। महापौर संजय पांडेय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था।

# सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्कूल परिसर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा




सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय दुधावा में भारत के लौह पुरुष एवं देश की अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जागरूकता एवं नागरिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम पुलिस चौकी दुधावा द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया। चौकी प्रभारी योगेन्द्र वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को नशा मुक्त होकर, कानून का पालन कर एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए और साथ ही यातायात नियमों का पालन, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन नहीं चलाने संबंधी कानूनी प्रावधान, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदारी से उपयोग करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के प्राचार्य गोवर्धन रामटेके ने कहा कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने 565 रियासतों को एक सूत्र में बांधकर अखंड भारत का निर्माण किया, उसी तरह आज हमें भी विविधता में एकता बनाए रखने का संकल्प करना चाहिए। इस अवसर पर कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार चित्रकला , निबंध व भाषण के द्वारा व्यक्त किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुलिस विभाग द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संवैधानिक मूल्यों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में सरपंच आकाश नेताम, उपसरपंच निरंजन गंजीर, जनपद सदस्य वीणा बंटी राय, पूर्व सरपंच श्यामा बाई नेताम, महेश्वरी नेताम, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य कर्ण कुमार साहू, बीआर मरकाम, ईश्वर पटेल, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विकास : मंत्री केदार कश्यप ने मसपुर में किया मायका केंद्र का शुभारंभ

*प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को नए घरों की चाबियाँ सौंपीं*

# अबूझमाड़ अंचल में हिंसा की बाधा थमी व विकास की नई कहानी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

कभी नक्सलवाद की चुनौतियों और विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं के लिए पहचाना जाने वाला अबूझमाड़ आज विकास, विश्वास और सुशासन की नई मिसाल बनकर उभर रहा है। नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर ओरछा विकासखंड के ग्राम मसपुर में मायका केंद्र का शुभारंभ नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके नए घरों की चाबियाँ सौंपीं, बच्चों से आत्मीय संवाद किया तथा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक त्वरित स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए मोटर बाइक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में भाजपा की डबल इंजन सरकार अबूझमाड़ जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की किरण पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में कभी सरकारी भवनों को



क्षतिग्रस्त किया जाता था, सड़क निर्माण और विकास कार्यों को रोकने का प्रयास होता था, आज वहीं सड़कें बन रही हैं, पुल खड़े हो रहे हैं और जनकल्याणकारी योजनाएँ लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं।

### हजारों ग्रामीणों के सपने साकार

*उन्होंने कहा कि बासिंग पुल और कोहकामेटा पुल का लोकार्पण केवल आधारभूत संरचना का विस्तार नहीं, बल्कि वर्षों से विकास की प्रतीक्षा कर रहे हजारों ग्रामीणों के सपनों को साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम है। इन पुलों ने दूरस्थ गांवों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले हैं। कैबिनेट मंत्री कश्यप ने बताया कि मसपुर में प्रारंभ किया गया मायका केंद्र दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा। प्रसव की संभावित तिथि से लगभग 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं को यहाँ लाकर सुरक्षित आवास, पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखरेख की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित हो सके।*

***जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना :*** *उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मोटर बाइक एम्बुलेंस और मायका केंद्र जैसी पहलें इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

## पेज 09 के शेष

### तेज रफ्तार स्कूटी की ठोकर...

कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि स्कूटी चालक तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। घायल के इलाज की व्यवस्था करने के बाद परिजन थाना सरोना पहुंचे और घटना की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी की शिकायत के आधार पर सरोना पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएम 8505 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### चार जुआरी गिरफ्तार, पांच...

दिया। गिरफ्तार आरोपियों में धमतरी जिला के सिहावा थानांतर्गत 40 वर्षीय रोहित कुमार नाग, बोरई थानांतर्गत ग्राम कसपुर निवासी 32 वर्षीय किशनाथ मरकाम, बोरई निवासी 31 वर्षीय उकेश कुमार नेताम तथा सिहावा थानांतर्गत जैतपुरी निवासी 35 वर्षीय शत्रुधन यादव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त 52 पत्ती ताश, एक प्लास्टिक की चटाई, एक टॉर्च तथा कुल 5 हजार180 नगद जब्त किया। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अव्हान किया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### ई-मालखाना का क्यूआर कोड...

आदेशानुसार उनके विधिसम्मत निस्तारण की प्रक्रिया भी अधिक व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सकेगी। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने कांकेर पुलिस को प्राप्त नई बस एवं तीन स्कॉर्पियो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## खबर संक्षेप

### वनांचल के चौक-चौराहे हाई मास्ट से होंगे रोशन



**बीजापुर।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों एवं ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत चौक-चौराहों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सोलर हाई मास्ट स्थापित किए जा रहे हैं। विशेष रूप से नियद नेल्लानार ग्रामों में यह कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को रात्रि के समय सुरक्षित एवं पर्याप्त प्रकाश की सुविधा मिल सके। पूर्व में इन क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था के अभाव के कारण ग्रामीणों को रात एवं बरसात के मौसम में आवागमन के दौरान सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बना रहता था। कई बार इससे जनहानि एवं अन्य नुकसान भी होता था। अब सोलर हाई मास्ट लगने से इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने लगी है और ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### नियद नेल्लानार से बदली अंचल की तस्वीर

**सुकमा।** जिले के सुदूर और नक्सल प्रभावित गांवों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। अभियान के तहत अब तक 2 लाख 76 हजार 897 से अधिक ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है। जिला प्रशासन का दावा है कि अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

# एनएच 30 का बुरा हाल, आए दिन घंटों लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बाघ रफ्टा में ट्रेलर वाहन के फस जाने से मार्ग बाधित हो गया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दरभा पुलिस ने मार्ग को डायवर्ट किया। यात्री बस और छोटे वाहनों को दरभा के छिन्दावाड़ा, तीरथगढ़ मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है।

आये दिन भारी वाहनों के फंस जाने से केशलूर कोंटा मार्ग पूरी तरह से घंटो जाम की स्थिति में बनी हुई है है। कारण वर्तमान में बारिश हो रही है और बारिश की वजह से सड़क किनारे डाली गई मिट्टी दुर्घटना का सबब बना हुआ है और इस सड़क में मिट्टी खिचड़ का रूप ले लिया है, जिसकी वजह से 4 पहिया वाहन हो या दो पहिया वाहन इस सड़क पर दुर्घटना के शिकार हो रहें है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के कुटुमसर बैरियर और दरभा के बीच पैदावाड़ा चौक तक चलने की स्थिति ही नहीं है। बाघ रफ्टा में साइड लेते वक्त ट्रेलर वाहन के फंसने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बीच होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 सड़क जाम हो गया है और दोनों साइड गाड़ियों की लंबी कतार लगी है। दरभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग डायवर्ट किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 दरभा व कुटुमसर बैरियर के बीच मार्ग बाधित होने से यात्री बस और छोटे वाहन दरभा के छिन्दावाड़ा, तीरथगढ़ मार्ग होते हुए आवागमन कर रहे हैं। राहगीरों ने जल्द मांग किया है कि केशलूर से तोंगपाल तक सड़क की मरम्मत की जाये।

## 84 युवाओं को नियुक्ति-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक एवं व्यावहारिक कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

जिला प्रशासन, रोजगार विभाग एवं माई भारत संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतिम रूप से चयनित जिले के 84 युवाओं को देश की प्रतिष्ठित नवरत्न कंपनी एनएमडीसी में निःशुल्क प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) के लिए आधिकारिक नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने चयनित युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां के ग्रामीण एवं स्थानीय युवाओं को देश की अग्रणी नवरत्न कंपनी में कार्य सीखने का अवसर मिल रहा है।

### लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को दें प्राथमिकता

# प्रशासनिक कसावट के लिए कर्मचारियों को कार्य पूरा करने का दें लक्ष्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि राज्य शासन के प्राथमिकता वाले बिन्दुओं जैसे एग्रीस्टेक, बस्तर मुन्ने अभियान, नगरीय निकायों में सर्वे जैसे इत्यादि कार्यो में किसी भी प्रकार की विलंबता और लापरवाही न बरते। क्योंकि आगामी होने वाले मुख्य सचिव की बैठक में इन्हीं एजेण्डा पर फोकस किया जा कर जिले की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को दिए गए लक्ष्य को पूरा करने की समय सीमा देते हुए जिम्मेदारी सौंपे ताकि सभी राजस्व प्रकरणों के लंबित मुददों में कमी आ सके। सभी अनुविभाग अधिकारी इसके लिए उनसे प्रतिदिन कार्यो की अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी अवश्य लें। यह प्रशासनिक कसावट जरूरी है।

- एग्रीस्टेक, नगरीय निकायों में सर्वे कार्य, राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर कलेक्टर ने दिया जोर

बैठक के एजेण्डे में विशेष अभियान चलाकर बस्तर सभाग में खसरा, बी 1 एव नक्शों का शत प्रतिशत वितरण, नक्शा बटांकन, नक्शो का डिजिटाईजेशन, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की प्रगति, स्वामित्व योजना, एग्रीस्टेक, राजस्व प्रकरण में रिकार्ड दुरूस्ती के पश्चात ही प्रकरणों को नस्तीद्ध किया जाना, आटो डायवर्सन की प्रगति, नारंगी क्षेत्र सर्वेक्षण, धार्मिक स्थल में अतिक्रमण के संबंध में, रक्षा मंत्रालय की भूमियों का नामांतरण, रेल्वे परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण/अतिक्रमण के संबंध मे, डब्ल्यू-पी-सी 1333/2018 धार्मिक स्थल में अतिक्रमण के संबंध में, न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा, आई-गोट प्रशिक्षण, नगरीय निकाय में पट्टा वितरण हेतु सर्वे कार्य की प्रगति, बकेट क्लेम 2031 मृत वन पट्टाधारी कृषकों का शत-प्रतिशत पीएम किसान सम्माननिधि योजानातर्गत पंजीयन, विवादित/अविवादित नामांतरण, ग्राम पंचायत नामातरण पंजी, विवादित/अविवादित बंटवारा, सीमाकन, व्यपवर्तन, धारा 115 त्रुटि सुधार, धारा 114 गलत प्रविष्टि, वृक्ष कटाई, ई-कोर्ट में न्यायालयीन प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा, जीर्ण-शीर्ण नक्शा नवीनीकरण, मसाहती ग्रामों की जानकारी, नजूल घोशित नक्शों का खसरा मेटनेश, डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों की जानकारी, आधार, मोबाईल, जेन्डर प्रविष्टि किसान-किताब, अभिलेख शुद्धता नक्शा खसरों में अतर शून्य रकबे वाला खसरा, डीआईएलआरएमपी, भू-अभिलेख अद्यतीकरण, भूमिहीन कृषि मजदूर योजना ,भू-अर्जन प्रकरणों की स्थिति, भूमि अधिग्रहण सवधी जानकारी, भू-अर्जन के प्रकरण में मुआवजा वितरण की जानकारी, लोक सेवा गारण्टी, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अतर्गत समस्त क्षति का मुआवजा की स्थिति उपयोगिता प्रमाण पत्र,माग पत्र। वन अधिकार पत्र से संबंधित, वन अधिकार मान्यता पत्रों के प्रकरणो को रिकार्ड रूम में जमा किए जाने की जानकारी जैसे बिंदु शामिल थे। जिसकी प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर द्वारा आगामी बैठक में पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रीडर उपस्थित थे।

## परचनपाल में न्योता भोज उपहार पाकर बच्चे खुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला परचनपाल में शुक्रवार को प्रेरणा टांक, नेहा टांक एवं उनके पुत्र निवासी कोलचुर पुजारिपारा ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, जिसमें चावल, दाल फ्राई, पूरी, छोले की सब्जी, पत्ता गोभी की सब्जी एवं लड्डू शामिल थे। भोजन के बाद विद्यार्थियों को उपयोगी उपहार भी वितरित किए गए। उपहार में पेंसिल, कटर, रबर, स्केल, टूथब्रश, जीभ साफ करने का ब्रश टंग क्लीनर, साबुन, कोलगेट टूथपेस्ट, कंघी एवं चॉकलेट प्रदान किए गए। जिले में सैकड़ों शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है। वहीं प्राथमिक शाला परचनपाल अपनी विशेष पहल न्योता भोज के कारण अलग पहचान बना रहा है। नेहा टांक समय-समय पर विद्यालय पहुंचकर बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराना पसंद करती हैं। उनके इस सराहनीय प्रयास से बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद भी मिलता रहता है, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण बना रहता है। ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। इस अवसर पर शिक्षिका जयश्री जेठावा टीकेश्वरी मंडावी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### शाला प्रबंध समिति का गठन, मंगला अध्यक्ष



**भोंड।** बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला भूरसुंडी में शनिवार को पालकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति में शाला प्रबंध समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। पालकों ने विद्यालय के विकास, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से मंगला नाग को समिति का अध्यक्ष तथा बुधराम बघेल को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति के सदस्यों के रूप में जयमन कश्यप, अस्तुराम बघेल, मती बघेल, हीराराम बघेल, फूलचंद बघेल एवं सोमनराम यादव को शामिल किया गया। समिति में वरिष्ठ शिक्षाविद के रूप में ग्राम भाटपाल के सरपंच अमृत कश्यप को विशेष रूप से स्थान दिया गया। संस्था के प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी सचिव तथा वरिष्ठ शिक्षिका रश्मि नेताम समिति की सदस्य के रूप में शामिल हुईं। संस्था प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी ने पालकों को शाला प्रबंध समिति के गठन का उद्देश्य, विद्यालय के विकास में समिति की भूमिका तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यालय के प्रति पालकों की जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी।

## सेवा सप्ताह में संस्कार और संगठन विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, सुकमा जिला की महत्वपूर्ण बैठक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांत एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सेवा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने समाजहित में विभिन्न सेवा गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।

- विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न

### सुरक्षा का भाव पहुंचे समाज तक

मुख्य वक्ता विश्ववर्धन भट्ट (बजरंग दल क्षेत्र संयोजक) ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, संस्कार और सुरक्षा का भाव पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि गौ, गंगा, गायत्री, पर्यावरण, मठ-मंदिर और साधु-संतों की रक्षा, मातृशक्ति की सुरक्षा तथा सामाजिक समरसता का वातावरण तैयार करना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय का कुछ हिस्सा समाज और राष्ट्र सेवा के लिए अवश्य समर्पित करना चाहिए। संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं का निर्माण और समाज के बीच सतत कार्य ही संगठन की वास्तविक शक्ति है।

### सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हुई चर्चा

बैठक के दौरान सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई गईं। अतिथियों ने माता गायत्री मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया तथा माता चिटमिन अम्मा देवी मंदिर और श्रीराम पथगमन मार्ग स्थित रामाराम मंदिर में दर्शन कर धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया।

बैठक में बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग, प्रांत सह संयोजक यशपाल साहू, मध्य बस्तर विभाग मंत्री कांतीलाल साहू, श्रीधर कश्यप, प्रांत बल उपासना प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद सुकमा जिला अध्यक्ष अनिल टावरी, दक्षिण बस्तर विभाग मंत्री मुन्नाराम नाग, जिला सह मंत्री जगदीश नाग, जिला कोषाध्यक्ष रोहित कुलदीप, जिला सेवा प्रमुख मनुराम नाग, तोंगपाल प्रखंड अध्यक्ष चेनाराम नाग, प्रखंड मंत्री कामदेव नाग, सत्संग प्रमुख निलाराम नाग, छिंदगढ़ प्रखंड अध्यक्ष संदीप यादव, प्रखंड मंत्री मनीराम बघेल, सुकमा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्छु मड़कम, मातृशक्ति जिला संयोजिका मनीषा शर्मा, जिला दुर्गावाहिनी संयोजिका पुष्पा मंडावी, सह संयोजिका सोनमती यादव, सुकमा प्रखंड संयोजक कैलाश यादव सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता व नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से थाना गीदम पुलिस ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कारली में साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं नए कानूनों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को तीनों नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता बीएनएस , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि 1 जुलाई 2024 से देश में पुराने आईपीसी, सीआरपीसी और एवीडेंस एक्ट के स्थान पर तीन नए कानून लागू हुए हैं। इन कानूनों में आम नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित न्याय और तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बीएनएस में महिलाओं, बच्चों और साइबर अपराधों से संबंधित सख्त प्रावधान किए गए हैं।

### 20 जुलाई से शुरू होगा एनडीआरएफ का प्रशिक्षण

**बीजापुर।** आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 3वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ, मुंडली, कटक ओडिशा द्वारा फेमेक्स कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 20 जुलाई से 1 अगस्त तक जिले के चारों विकासखंडों में निर्धारित स्थलों पर आयोजित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 20 जुलाई को नगर पालिका परिषद बीजापुर, 21 जुलाई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर तथा 22 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरपाल में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा



लोहंडीगुड़ा तहसीलदार कैलाश पोयाम ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चित्रकोट में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा उनके साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, प्रधान पाठक तिलोत्तमा घरत एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों में शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# प्रकृति संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर






पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में भानपुरी में ट्री एटीएम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- जिपं अध्यक्ष ने भानपुरी में ट्री एटीएम शुरू करने दिखाई हरी झंडी

इस अवसर पर श्रीमती कश्यप ने कहा कि प्रकृति की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक-एक पौधा लगाकर और उसका संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं हरित भविष्य दे सकते हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-आंदोलन बनाएं। यह पहल लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करने और एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ट्री एटीएम स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए। वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना चाहिए साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वनों को अतिक्रमण होने न दें।

### शामिल रहे जनप्रतिनिधि व अधिकारी

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जनपद पंचायत सदस्य गौरव कश्यप, पंचायत सदस्य रायधर दीवान, भाजपा जिला महामंत्री खितेश कश्यप, भाजपा मंडल भानपुरी के महामंत्री तुलसू कश्यप, भाजपा मंडल भानपुरी युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप, भाजपा मंडल भानपुरी अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष हीरालाल कश्यप, एसडीओ आईपी बंजारे सहित जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भुसकी गोपालटोला में चार दिन से छाया हुआ अंधेरा, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## चार दिन पहले ट्रैक्टर की टक्कर से उखड़ गया था ट्रांसफार्मर पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के दूरस्थ ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के आश्रित ग्राम भुसकी गोपालटोला में पिछले चार दिनों से बिजली गुल होने से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। एक अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से ट्रांसफार्मर लगे विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त होने के बाद पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। घटना हुए चार दिन हो गए, परंतु विद्युत विभाग सक्रियता नहीं दिखा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना के दौरान ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर से ट्रांसफार्मर लगा विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण भुसकी गोपालटोला की संपूर्ण बिजली व्यवस्था ठप हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग के दुर्गुकोंदल कार्यालय को दी थी, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीण कमलेश मंडावी, सुबेसिंह पुड़ो, रमेश कुमेटी, सुनीतराम आचला, राजेश हुरा सहित अन्य लोगों ने बताया कि बिजली नहीं रहने से पेयजल की व्यवस्था प्रभावित हो गई है। मोटर पंप बंद होने से पानी की समस्या गहरा गई है, वहीं मोबाइल चार्जिंग, पंखे, घरेलू उपकरण और अन्य आवश्यक विद्युत सुविधाएं भी पूरी तरह ठप हैं। kबरसात के मौसम में अंधेरे के कारण रात के समय सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को हो रही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, जबकि किसान कृषि कार्यों के लिए आवश्यक विद्युत सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। लगातार बिजली नहीं रहने से दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में सुध नहीं लेने पर आंदोलन करने को होंगे मजबूर
- चार दिन गुजर जाने के बाद विभाग के अमले ने नहीं लिया सुध

### एक से दो दिन बहाल करने में लगेगा समय

*छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री नरोत्तम राठिया ने बताया कि ट्रांसफार्मर पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। विभाग द्वारा आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की जा रही है और एक से दो दिनों के भीतर नया पोल स्थापित कर विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी। ग्रामीण अब विभाग के इस आश्वासन के जल्द पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।*



### आंदोलन करने की दी चेतावनी

भुसकी गोपालटोला के ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर पोल की तत्काल मरम्मत कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि चार दिनों से बिजली बंद होने से अव्यवस्था बनी हुई और विभाग सोया हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### आमागढ़ की 14 छात्राओं को दी गई सायकिल



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में शनिवार को सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी की 14 छात्राओं को निःशुल्क सायकिलों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री रामचन्द्र कल्लो ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की शिक्षा को नई दिशा दे रही है। प्राचार्य उदेराम भुआर्य ने बताया कि सायकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सुनील दुबे से दुर्गूकोंदल थाने का प्रभार सम्भाला

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल थाना को नया थाना प्रभारी मिल गया है। युवा पुलिस अधिकारी सुनील दुबे ने शनिवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया।



पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना होगी। उन्होंने आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अवैध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही। क्षेत्रवासियों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए उनसे निष्पक्ष, संवेदनशील एवं जनहितैषी पुलिस व्यवस्था की उम्मीद जताई।

### मूंगफली की खेती बनी अतिरिक्त आय का जरिया

**बीजापुर।** राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल- ऑयल पाम योजना के तहत बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम कचनूर निवासी किसान पोटाम गणेश ने ऑयल पाम की खेती के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में मूंगफली की खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पोटाम गणेश ने अपनी 2.20 हेक्टेयर भूमि में ऑयल पाम पौधों का रोपण किया। पौधों के प्रारंभिक वर्षों में खाली भूमि का बेहतर उपयोग करते हुए उन्होंने मूंगफली की अंतरवर्तीय खेती अपनाई।

## निधन

### बोताबाई कोमरा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राऊरवाही की निवासी बोताबाई कोमरा का शनिवार 11 जुलाई आकस्मिक निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार सायं 5 बजे गृह ग्राम राऊरवाही में किया गया।



## विधायक आशाराम नेताम ने कहा सरोना के विकास की बदलेगी क्षेत्र की तकदीर

# गांव से विकास की नई शुरुआत, शिक्षा व सुशासन की ओर है सरोना : अरूण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांकेर जिले के सरोना तहसील मुख्यालय के लिए शनिवार 11 जुलाई विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिहाज से ऐतिहासिक साबित हुआ। अत्याधुनिक मावा मोदोल लाइब्रेरी और नवनिर्मित तहसील भवन के लोकार्पण के साथ क्षेत्र को प्रशासनिक और शैक्षणिक क्षेत्र में नई पहचान मिली।

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को प्रशासनिक, शैक्षणिक और आधारभूत सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नए तहसील भवन के शुरू होने से राजस्व संबंधी सेवाएं अधिक सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध होंगी, जिससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मावा मोदोल लाइब्रेरी को ज्ञान, अध्ययन और नवाचार का केंद्र बताते हुए कहा कि यह पुस्तकालय युवाओं और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकार्पण समारोह के दौरान कन्या आवासीय विद्यालय की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। नई साइकिलें मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। जनप्रतिनिधियों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय जाने, मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



### सरोना के लिए सौगात वर्षों तक याद रखी जाएगी

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सरोना की यह नई पहचान केवल भवनों का उद्घाटन नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। वर्षों से जिस सुविधा का इंतजार था, वह आज साकार हुई है। नया तहसील भवन प्रशासन को जनता के और करीब लाएगा, जिससे ग्रामीणों के कार्य तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरे होंगे। वहीं मावा मोदोल लाइब्रेरी युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी और उन्हें ज्ञान व प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब उसका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। पूर्व विधायक सुमित्रा मरकोले ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के विकास कार्य लोगों के जीवन को सरल बनाते हैं। हस्तशिल्प विकास बोर्ड की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि शिक्षा और प्रशासन दोनों समाज के विकास की मजबूत नींव हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, हेमलाल मरकाम, कमल ध्रुवा, सरपंच दीपिका वट्टी, उप सरपंच दिनेश सहारे, जीवन नेताम, मुकेश संचेती, राकेश कोड़ोपी, शांता बाई नेताम, तामेश्वर कोर्राम, सरस्वती कोर्राम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रामेश निषाद, तहसीलदार पुष्पराज पात्र, नायब तहसीलदार संजय राय, खंड शिक्षा अधिकारी एमन जैन तथा जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुकदेव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन माह से पुलिया निर्माण अधूरा ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम बांगाचार में खनिज न्यास डीएमएफ निधि से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य पिछले तीन माह से अधूरा पड़ा होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। पुलिया अधूरी रहने के कारण मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिनों के भीतर निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ तो सोमवार से जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत बांगाचार होने के बावजूद कार्य स्थानीय स्तर पर नहीं कराया गया। पहले कांकेर के एक ठेकेदार ने काम स्वीकृत कराया और बाद में निर्माण कार्य धमतरी के ठेकेदार को सौंप दिया। आरोप है कि ठेकेदार प्रारंभिक कार्य करने के बाद पिछले तीन माह से निर्माण बंद कर गायब है। ग्रामीण मिलाप बघेल एवं पूर्व सरपंच गुलाब बघेल ने बताया कि ठेकेदार लगातार आश्वासन देकर ग्रामीणों और पंचायत को चक्कर कटवा रहा है। पुलिया अधूरी होने से आमजन, स्कूली बच्चों और किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि पंचायत के खाते में राशि आने के बावजूद बाहरी ठेकेदार काम कर रहा है और पंचायत केवल भुगतान की एजेंसी बनकर रह गई है। सरपंच अनुपा कोवाची ने बताया कि ठेकेदार एक किश्त की राशि प्राप्त कर चुका है, लेकिन तीन माह से निर्माण कार्य बंद है। कई बार संपर्क करने के बावजूद केवल आश्वासन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र कार्य शुरू नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार और प्रशासन की होगी।

## प्रधानपाठक चमरू की सेवानिवृत्ति पर दी ससम्मान विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखंड अंतागढ़ के संकुल ताड़ोकी 02 अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मंगतासाल्हेभाट में पूर्व प्रधानपाठक चमरू राम दर्रो के सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया, जबकि विद्यार्थियों ने दीप मंत्र का उच्चारण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मंगतासाल्हेभाट के सरपंच जागेश्वर कोमरा ने दर्रो के शैक्षणिक, सामाजिक एवं ग्रामीण विकास में दिए गए योगदान की सराहना की। संकुल समन्वयक प्रवीण देवांगन ने कहा कि दर्रो ने अपने 39 वर्षों के सेवाकाल में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय की निरंतर प्रगति के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके सरल, सौम्य और प्रेरणादायी व्यक्तित्व ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज पर अमिट छाप छोड़ी है। इस अवसर पर अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों एवं विद्यार्थियों ने दर्रो को शॉल, श्रीफल, छतरी एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। चमरू राम दर्रो ने सभी सहयोगियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सेवा करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा। समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक परदेशी कुमेटी, एसएमसी अध्यक्ष राजलाल कुमेटी, सीएसी जेएस नेताम, प्रवीण देवांगन, शिवबती देहारी, बबीता टेकाम, धनेश्वरी नुरुटी सहित शिक्षक, जनप्रतिनिधि, पालक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र साहू तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी प्रधानपाठक तिलक राम वट्टी ने किया।



## सरोना तहसील भवन के उद्घाटन पर कांग्रेस ने कहा–भाजपा मात्र श्रेय ले रही

- एक साल से संचालित भवन का उद्घाटन कर भाजपा जनता को कर रही गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर






सरोना तहसील भवन के उद्घाटन को लेकर जिले की सियासत गर्मा गई है। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर कांग्रेस शासनकाल में बने भवनों का श्रेय लेने का आरोप लगाते हुए इसे श्रेय की राजनीति करार दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विकास कार्यों का श्रेय लेने के बजाय भाजपा सरकार को नए जनहितकारी कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि काम हमारा, पत्थर तुम्हारा की राजनीति अब अधिक समय तक नहीं चलेगी और जनता इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि जिस तहसील भवन में लगभग एक वर्ष से राजस्व कार्यालय संचालित हो रहा है, उसका दोबारा उद्घाटन कर भाजपा सरकार केवल अपने नेताओं के नाम का पत्थर लगाने का काम कर रही है। उन्होने कहा कि सरोना तहसील भवन का निर्माण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत और पूरा हुआ था। उन्होंने दावा किया कि 26 जुलाई 2025 को भवन विधिवत तहसीलदार को सौंप दिया गया था और तभी से उसी भवन में तहसील कार्यालय संचालित हो रहा है। ऐसे में अब उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं द्वारा इसका उद्घाटन करना केवल राजनीतिक श्रेय लेने का प्रयास है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भवन में एक वर्ष से शासकीय कार्यालय संचालित हो रहा है तो आखिर उद्घाटन किस बात का किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के पास अपनी उपलब्धियां गिनाने के लिए नए विकास कार्य नहीं हैं, इसलिए वह कांग्रेस सरकार के कार्यों पर अपना नाम अंकित कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र की प्रशासनिक सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से इस तहसील भवन को स्वीकृत कराया था।

भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद विभाग को सौंपा गया और कार्यालय भी शुरू हो गया। अब भाजपा उसी भवन को अपनी उपलब्धि बताकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विकास नहीं, फीता काटो और पत्थर लगाओ अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि पहले से संचालित शासकीय भवन का दोबारा उद्घाटन जनता के साथ मजाक है और सरकारी धन का राजनीतिक उपयोग है। कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री एवं सरोना के पूर्व उपसरपंच गफ्फार मेमन ने दावा किया कि वे भवन के भूमिपूजन और विभाग को सुपुर्द किए जाने, दोनों अवसरों पर मौजूद थे।

## संकुल प्रवेशोत्सव में छात्रों का किया स्वागत व छात्राओं को दी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संकुल केंद्र तालाकुर्रा में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल तालाकुर्रा, हाई स्कूल कोकानपुर, माध्यमिक शाला तालाकुर्रा, कोकानपुर सहित संकुल की सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षक, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक शामिल हुए।

अतिथियों ने शासन की विभिन्न शिक्षा एवं छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। वहीं सरस्वती साइकिल योजना के तहत 12 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य उमेश साहू ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। सरपंच विनोद रावटे ने कहा कि छात्र जीवन भविष्य निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से दूरी बनाकर मन लगाकर पढ़ाई करने और हर वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपसरपंच जितेंद्र साहू, शिक्षाविद् नारायण जैन तथा भाजपा महामंत्री देवेंद्र यदु, संकुल समन्वयक चंद्रभुवन ध्रुव, संकुल प्राचार्य शुभेश मिश्रा उपस्थित रहे।



## कॉल ड्रॉप, धीमा इंटरनेट व बिजली कटौती के दौरान नेटवर्क ठप होने का मुद्दा उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

डिजिटल युग में जहां मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं आमजन के जीवन की अनिवार्य जरूरत बन चुकी हैं, वहीं बस्तर संभाग के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में कमजोर नेटवर्क व्यवस्था आज भी विकास की राह में बड़ी बाधा बनी हुई है। इसी गंभीर मुद्दे को बस्तर दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य ने प्रमुखता से उठाया।

समिति के सदस्य सियो पोटाई ने कांकेर सहित पूरे बस्तर संभाग में मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन भुगतान, ई-गवर्नेंस और शासकीय सेवाएं मोबाइल एवं इंटरनेट पर निर्भर हैं, लेकिन कांकेर जिले सहित बस्तर संभाग के अनेक गांवों में लोग अब भी नेटवर्क की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सात राजस्व जिलों वाले बस्तर संभाग के 3,721 गांवों में से अकेले कांकेर जिले के 1,004 गांव हैं, जहां बड़ी आबादी मोबाइल सेवाओं पर निर्भर है। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष कॉल ड्रॉप, इंटरनेट की धीमी गति, कई गांवों में नेटवर्क कवरेज का अभाव, बिजली कटौती के दौरान टावरों का बंद हो जाना, बैटरी बैकअप और डीजी सेट की कमी, ऑप्टिकल फाइबर कटने पर लंबे समय तक सेवाएं बाधित रहने, खराब वॉयस क्वालिटी, समय पर ओटीपी और एसएमएस नहीं मिलने तथा दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की कमी जैसी समस्याएं प्रमुखता से रखीं। इस दौरान बस्तर संभाग के प्रथम महाप्रबंधक शरदचन्द्र तिवारी को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

पाठक सूचना
चारामा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
संवाददाता : संजय सिन्हा
श्रीराम न्यूज एजेंसी
पता : चारामा
मो. 7879090901

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411